आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 09.11.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

## मुख्य समाचारः—

1— एनआईटी रायपुर के सोलहवें दीक्षांत समारोह में जम्मू—कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने एक हजार तीन सौ बयासी विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की—कल होगा आईआईटी भिलाई का पांचवां दीक्षांत समारोह।

2— राज्यपाल रमेन डेका ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली खैरागढ़—छुईखदान—गंडई जिले की लखपति दीदियों और विद्यार्थियों को किया सम्मानित।

3— सुकमा जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से एक जवान घायल—इसी जिले में सुरक्षा बलों ने दो माओवादियों को किया गिरफ्तार।

**और**

4— प्रदेश में उत्तर से आ रही ठंडी और शुष्क हवाओं से तापमान में गिरावट—सरगुजा संभाग की कुछ जगहों पर शीतलहर चलने की संभावना।

.............

**<u>एनआईटी/आईआईटी–दीक्षांत समारोह</u>**

---

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी रायपुर का सोलहवां दीक्षांत समारोह आज राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जम्मू–कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने एक हजार तीन सौ बयासी विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की। वहीं, उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सत्ताईस स्वर्ण और सत्ताईस रजत पदक प्रदान किए गए।

समारोह को संबोधित करते हुए उप राज्यपाल श्री सिन्हा ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत आज रिसर्च के क्षेत्र में एक नई क्रांति का अनुभव कर रहा है।

समारोह में केन्द्र सरकार के वैज्ञानिक सलाहकार डॉक्टर जी. सतीश रेड्डी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

वहीं, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी भिलाई का पांचवां दीक्षांत समारोह कल दस नवंबर को आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा होंगे। समारोह में दो हजार पच्चीस के स्नातक बैच के दो सौ उनहत्तर विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। समारोह की अध्यक्षता आईआईटी भिलाई के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष करेंगे।

**<u>राज्यपाल–लखपति दीदी सम्मान</u>**

———

राज्यपाल रमेन डेका ने आज राजभवन में खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले के सोनपुरी गांव के उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों और लखपति दीदियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत विभिन्न कौशल क्षेत्रों में प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों से बातचीत की। उन्होंने लखपति दीदियों से चर्चा कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। लखपति दीदियों ने राज्यपाल को ड्रोन के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

गौरतलब है कि राज्यपाल ने खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले के सोनपुरी गांव को गोद लिया है।

**<u>मुख्यमंत्री–आकांक्षा सत्यवंशी मुलाकात</u>**

———

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज हाल ही में विश्वकप जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथेरेपिस्ट और छत्तीसगढ़ की रहने वाली आकांक्षा सत्यवंशी ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आकांक्षा को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आकांक्षा सत्यवंशी की उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने यह साबित किया है कि छत्तीसगढ़ की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उनकी सफलता आने वाली पीढ़ी की बेटियों को प्रेरित करेगी।

आकांक्षा सत्यवंशी ने मुख्यमंत्री के साथ जीत का अनुभव साझा करते हुए कहा कि वर्ल्ड कप जीतना भारतीय महिला टीम की सफलता के साथ ही

छत्तीसगढ़ का भी सम्मान है। उन्होंने बताया कि वह मैदान में सक्रिय खिलाड़ी के रूप में नहीं थीं, लेकिन खिलाड़ियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, फिटनेस और रिकवरी को बनाए रखने की जिम्मेदारी उनकी रही।

गौरतलब है कि दुर्ग में जन्मी आकांक्षा सत्यवंशी का परिवार रायपुर में निवास करता है, जबकि उनका पैतृक गांव कवर्धा है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा और फिजियोथैरपी में बैचलर की पढ़ाई छत्तीसगढ़ में पूरी की, इसके बाद उन्होंने मास्टर्स की डिग्री कटक से हासिल की। वर्ष दो हजार उन्नीस में आकांक्षा ने छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट टीम के साथ बतौर फिजियोथैरेपिस्ट अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की। इसके बाद वर्ष दो हजार बाईस में उन्हें भारतीय अंडर–नाईंटीन महिला क्रिकेट टीम के साथ वर्ल्ड कप अभियान में शामिल किया गया।

**उपमुख्यमंत्री–बस्तर दौरा**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बस्तर प्रवास के दौरान स्वर्गीय बलिराम स्मृति मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत चिकित्सकों से संवाद किया। इस दौरान श्री शर्मा ने कहा कि सुरक्षा कैंपों के समीप संवेदनशील गांवों में मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर एक नई पहल है। जो चिकित्सकों को बस्तर क्षेत्र की जनता से जुड़ने के साथ एक अनोखा अनुभव प्राप्त करने का अवसर है।

वहीं, उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आज कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर स्थित मुल्ला गांव के पुनर्वास केन्द्र का आकस्मिक दौरा किया, जहां उन्होंने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटे युवाओं को दिए जा रहे कौशल विकास प्रशिक्षण का

जायजा लिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने इन युवाओं से संवाद किया। साथ ही अधिकारियों को प्रतिदिन कम से कम दो व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण इन युवाओं को प्रदान करने के निर्देश दिए।

## <u>जवान घायल/माओवादी गिरफ्तार</u>

सुकमा जिले में आज माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से एक जवान घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के फूलबगड़ी थाना क्षेत्र से जवानों की टीम सर्चिंग के लिए निकली थी। इसी दौरान गोगुंडा के जंगल में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ का जवान आईईडी की चपेट में आने से घायल हो गया। घायल जवान को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से एयर लिफ्ट कर रायपुर लाया गया है।

इस बीच, सुकमा जिले के ही ग्राम भीमापुरम जंगल के पास डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी और कोबरा बटालियन के जवानों ने दो माओवादियों को विस्फोटक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। इनमें से एक माओवादी पर तीन लाख और दूसरे माओवादी पर पांच लाख रूपये का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार दोनों माओवादी नक्सली कैम्प गोमगुड़ा क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षा बलों को नुकसान पंहुचाने की नीयत से आईईडी प्लांट करने की तैयारी से आये हुए थे। इनके पास से नौ नान इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, पांच जिलेटिन रॉड, कोर्डेक्स, बिजली और फ्यूज वायर बरामद किया गया है। गिरफ्तार दोनों माओवादी बीजापुर जिले के पामेड़ थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

**विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर**

———

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर का काम जारी है। चार नवंबर से शुरू हुए इस अभियान के तहत बीएलओ आठ नवंबर तक करीब तीस लाख मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित कर चुके हैं। राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर–घर जाकर बीएलओ गणना प्रपत्र और घोषणा प्रपत्र देने के साथ ही आवश्यक दस्तावेज भी संकलित कर रहे हैं। राज्य में पंजीकृत दो करोड़ बारह लाख तीस हजार सात सौ सैंतीस मतदाताओं में से अब तक उनतीस लाख उनतीस हजार एक सौ पच्चीस मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं।

इसी कड़ी में बूथ लेवल अधिकारी, मुख्य सचिव विकास शील और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार के घर पहुंचे और गणना प्रपत्र देकर आवश्यक दस्तावेज संकलित किए।

**तलवारबाजी प्रतियोगिता–पदक**

———

मणिपुर के इंफाल में तीन से आठ नवम्बर तक आयोजित सत्ताईसवीं सब–जूनियर राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने तीन पदक जीते हैं। प्रतियोगिता में बालक वर्ग के व्यक्तिगत मुकाबले में वीर कुमार गुप्ता ने रजत पदक, बालिका वर्ग के व्यक्तिगत मुकाबले में स्नेहा यादव ने कांस्य पदक और बालक वर्ग की टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एस. प्रकाश सहित अन्य पदाधिकारियों ने पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

**<u>मौसम</u>**

---

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश में अब ठंड का असर दिखने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है। इसके कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट हो सकती है। वहीं, सरगुजा संभाग के कुछ जिलों में एक–दो पैकेट्स में शीतलहर चलने की संभावना है।

**<u>संक्षिप्त समाचार–01</u>**

– गुरु तेग बहादुर के तीन सौ पचासवें बलिदानी वर्ष पर राजनांदगांव के दिग्विजय स्टेडियम में सात हजार से अधिक लोगों ने सामूहिक गुरबाणी पाठ कर विश्व कीर्तिमान बनाया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह भी शामिल हुए।

– बारनवापारा अभ्यारण्य में छह से आठ नवंबर तक आयोजित बटर फ्लाई एंड मॉथ सर्वे में देश के विभिन्न राज्यों से आए बयालीस प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को अभ्यारण्य में तितलियों और मॉथ की विविधता का अध्ययन कराया गया।

– जांजगीर–चांपा जिला अस्पताल से कैदी के फरार होने के मामले में केंद्रीय जेल बिलासपुर के अधीक्षक ने जेल प्रहरी भुवनेश्वर पैकरा को बर्खास्त कर दिया है।

– खैरागढ़ छुईखदान–गंडई पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी करने के मामले में एक नाबालिग सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन हजार से अधिक प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल बरामद की गई हैं।

– गरियाबंद जिले की देवभोग पुलिस ने बाईस नग हीरे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त हीरे की कीमत दो लाख तीस हजार रूपए से अधिक बताई जा रही है।

– जांजगीर–चाम्पा जिले के नरियरा गांव में ट्रक की चपेट में आने से मोटर साइकिल सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

**और**

– बलौदाबाजार–भाटापारा ज़िले में हम होंगे कामयाब अभियान के अंतर्गत युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी बाईस नवंबर तक क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>